देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 23.11.2025

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोहान्सबर्ग में जी–20 शिखर सम्मेलन में स्वास्थ्य सेवा, दुर्लभ खनिजों और नशीली दवाओं–आतंकवाद के गठजोड़ से निपटने पर केंद्रित छह नई पहलों का प्रस्ताव रखा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कारगर प्रयास किए जा रहे हैं।
- राज्य में साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया जाएगा।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा–प्रवासियों को कृषि और बागवानी आधारित आजीविका से जोड़कर स्वरोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

जी–20

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी–20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के पहले दिन विश्व के विकास के उद्देश्य से छह नई पहलों का प्रस्ताव रखा। इनमें वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार की स्थापना, अफ्रीका कौशल गुणक कार्यक्रम, वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल, नशीली दवाओं और आतंकवाद के गठजोड़ का मुकाबला करने की पहल, ओपन सैटेलाइट डेटा पार्टनरशिप और महत्वपूर्ण खनिज परिपत्र पहल शामिल हैं। सम्मेलन के दो सत्रों में श्री मोदी ने कहा कि ये पहल सभी के लिए विकास, प्रगति और कल्याण के लिए भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि इन पहलों से चहुमुखी विकास को हासिल करने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कारगर प्रयास किए जा रहे हैं। श्री धामी ने सिडकुल इंटरप्रेन्योर वेलफेयर सोसाइटी पंतनगर के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात के दौरान ये बात कही। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने राज्य में औद्योगिक माहौल सुधारने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार अनुकूल नीतियां लागू कर रही है। उन्होंने बताया कि किच्छा खुरपिया पार्क, अमृतसर–कोलकाता औद्योगिक गलियारा और पंतनगर में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्षेत्र के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। खुरपिया क्षेत्र में बनने वाली इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी से बड़े निवेश और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

राष्ट्रीय राज्यमार्ग

उधमसिंह नगर के रुद्रपुर स्थित किच्छा में निर्माणधीन राष्ट्रीय राजमार्ग का काम अंतिम चरण में है। लगभग 20 दशमलव छह चार किलोमीटर लंबी इस सड़क पर करीब 588 करोड़ 99 लाख रुपये खर्च होंगे। यह सड़क उधमसिंह नगर से उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले होते हुए बाईपास रोड से सिडकुल स्थित रामपुर–नैनीताल हाईवे से जुड़ती है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की देखरेख में इस सड़क का निर्माण तेजी से हो रहा है। परियोजना लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है और 11 जनवरी 2026 तक इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

परियोजना प्रबंधक तकनीकी मीनू ने बताया कि शुरुआत में सबसे बड़ी चुनौती भूमि अधिग्रहण की थी, जिसे पूरा कर किसानों को मुआवजा दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से न केवल क्षेत्र का विकास तेज होगा, बल्कि रुद्रपुर शहर में ट्रैफिक का दबाव भी काफी हद तक कम हो जाएगा।

वाहन दुघर्टना

अल्मोड़ा जिले के भवाली–अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 109 पर रातीघाट के पास एक वाहन दुघर्टना में तीन शिक्षकों की मृत्यु हो गई जबकि एक घायल का उपचार चल रहा है। कल देर शाम हवालबाग क्षेत्र से हल्द्वानी विवाह समारोह में शामिल होने निकले शिक्षक नेताओं की गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई पार करते हुए शिप्रा नदी में गिर गयी।

डीजीपी

राज्य में साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए एक साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किया जाएगा। ये प्रदेश में एकीकृत व्यवस्था होगी। इसके जरिये केंद्र की एजेंसी के साथ समन्वय किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने बताया कि साइबर क्राइम के विरुद्ध पुलिस के नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लौटे प्रवासियों को कृषि और बागवानी आधारित आजीविका से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। देहरादून में आयोजित कृषि विभाग की बैठक में कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दिशा में शीघ्र एक ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वावलंबी बनाया जा सके।

उन्होंने ऊधम सिंह नगर में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए और कहा कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है।

बैठक में मंत्री ने विभागीय कार्यों की प्रगति, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने, घेरबाड़ का प्रस्ताव तैयार कर जल्द केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए।

ई केवाईसी

प्रदेश के सभी जिलों में राशन कार्ड धारकों की ई–केवाईसी का कार्य प्रगति पर है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 30 नवंबर को अंतिम तिथि निर्धारित की है। हालांकि अंगूठा और रेटिना स्कैन में आ रही दिक्कतों के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में अभी बड़ी संख्या में ई–केवाईसी पूरी नहीं हो पाई है।

इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों में किसी भी उपभोक्ता का राशन वितरण नहीं रोका जाएगा।

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी के चौथे दिन आज भी गोवा में सिनेमा, प्रतिभा और वैश्विक भागीदारी का अदभुत संगम देखने को मिलेगा। आज इफ्फी में विशेष आकर्षण वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर की मास्टरक्लास है, जहां उनकी कला, अनुभव और सिनेमा के प्रति समर्पण से प्रतिभागियों को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा इंटरनेशनल सिनेमा तथा इंडियन पैनोरमा के तहत कई बेहतरीन फिल्मों की स्क्रीनिंग दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव दे रही है। देश–विदेश से आए फिल्मकार अपनी रचनाओं पर खुलकर विचार–विमर्श करेंगे और दर्शकों के सवालों का जवाब देकर इस संवाद को और भी समृद्ध बनाएंगे।

और अब खेल जगत से जुड़ी खबर....... भारतीय शटलर और अल्मोड़ा निवासी लक्ष्य सेन ने सिडनी में ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 पुरुष एकल का खिताब जीत लिया है। यह इस साल का उनका पहला खिताब है। लक्ष्य ने आज फाइनल मुकाबले में 26वीं रैंकिंग के जापानी खिलाड़ी युशी तनाका को 21–15, 21–11 से हराया।